Publication: **Dainik Jagran** | Region: **Delhi** | Date: **01/02/2014** | Page No.: **14**

रिलायंस ने उतारा सुपर मनीबैक प्लान

जाब्यू, नई दिल्ली : रिलायंस कैपिटल की सहायक कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया बीमा प्लान सुपर मनीबैक पेश किया है। यह पारंपरिक नॉन पार्टिसिपेटिंग प्लान बीमा कवर के साथ मासिक आय तो देता ही है, निश्चित अवधि पर मनीबैक की गारंटी भी देता है। इस प्लान के तहत हर पांच साल पर पॉलिसीधारक को एक निश्चित राशि वापस मिलेगी। इसके अलावा परिपक्वता की आधी अवधि तक ही प्रीमियम का भुगतान करना होगा। इस लिहाज से 50 साल की पॉलिसी के लिए पॉलिसीधारक को 25 साल ही प्रीमियम भुगतान करना होगा। इसके बाद 26वें साल से पॉलिसीधारक को हर महीने निश्चित रकम मिलेगी। यह सम एश्योर्ड का एक फीसद होगा। प्रीमियम भुगतान बंद होने के बाद भी पॉलिंसी की पूरी अवधि के लिए जीवन बीमा कवर उपलब्ध रहेगा। कंपनी के सीईओ अनूप राउ का कहना है कि यह प्लान निश्चित नियमित आय तो देता ही है पॉलिसीधारक के परिवार को सिक्योरिटी भी उपलब्ध कराता है।